आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 38.2 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |



# जमीन लुटेरों के खिलाफ सख्त कदम उठाये सरकार: बंधु तिर्की

## रिकॉर्ड रूम में चोरी भू-माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत का प्रमाण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड के जमीन लुटेरों और अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से जमीन की लूट हो रही है। इसी का एक और प्रमाण लैंड रिकॉर्ड रूम में चोरी है। यहां लुटेरों ने अपना हाथ साफ किया। यह सामान्य चोरी की घटना नहीं है, बल्कि इसकी पृष्ठभूमि में वैसे जमीन दस्तावेजों को गायब करने की चाल है, जिसमें जमीन माफिया की मिलीभगत से हेरफेर किया गया है और जालसाजी साफ-साफ पकड़ी जा सकती है।



श्री तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार से चार सुरक्षाकर्मियों के रहते हुए रात के समय में खिड़की का ग्रिल काटा गया। इससे स्पष्ट है कि जमीन माफिया साजिश के तहत वैसे दस्तावेजों की चोरी करना चाहते थे, जहां जालसाजी कर साजिशपूर्ण बदलाव किया गया है। श्री तिर्की ने कहा कि रिकॉर्ड रूम की इंचार्ज स्मृति कुमारी द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज करायी गयी प्राथमिक में भी यही अंदेशा व्यक्त किया गया है कि जमीन के दस्तावेज में बदलाव और छेड़छाड़ किया गया है। यह बात अपने-आप में यह बताने के लिए काफी है कि झारखंड में जमीन लूट किस प्रकार जारी है।

### अधिकारी, कर्मी और सुरक्षा गार्ड पर हो कार्रवाई

बंधु तिर्की ने कहा कि चोरी की इस वारदात को अपराधियों ने जितनी आसानी से अंजाम दिया है, उससे स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वे किस प्रकार से जमीन लूटते होंगे। अंदेशा जताया कि लूट में इस कार्यालय के कर्मियों, अधिकारियों और सुरक्षा गार्ड की साजिश है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को तुरंत बर्खास्त कर गिरफ्तार करने, उनकी संपत्ति की जांच करने की मांग मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से की।

## रिकॉर्ड रूम में चोरी की घटना की सीबीआइ जांच हो

# जमीन घोटाले को छिपाने की साजिश: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला बोला। कहा कि झारखंड में जो जमीन लूट के बड़े-बड़े कारनामे हुए हैं, उसका कवरअप ऑपरेशन अभी जारी है। इडी की चार्जशीट के तुरंत बाद रिकॉर्ड रूम से चोरी जमीन घोटाले को छिपाने की बड़ी साजिश है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे जमीन लूट की परतें खुलती जा रही हैं, एक के बाद एक सफेदपोश बेनकाब होते जा रहे हैं।

प्रतुल शाहदेव ने अविलंब इस मुद्दे पर सीबीआइ जांच की मांग की। कहा कि इडी की चार्जशीट के बाद तो हेमंत सोरेन और बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन का सीधा नाता जुड़ता हुआ दिख रहा है। चार्जशीट में है कि भानु प्रताप अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर जमीन कब्जा का सिंडिकेट चलता था। उसके यहां जब छापा पड़ा तो एक फाइल मिली, जिसमें बड़गाईं और अन्य जमीनों से संबंधित कागजात बरामद हुए। एक चैट में इसी लालू खटाल, बरियातू एरिया में मैरिज हॉल के बनने का नक्शा भेजा गया है और इस पूरे इलाके में इतनी बड़ी कोई दूसरी जमीन नहीं है।



### राजकुमार का कब्जा नहीं था

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इडी की चार्जशीट में खुशबू मुंडा के दो बिल का जिक्र है। खुशबू मुंडा संतोष मुंडा की बेटी है। 2017 में फ्रिज और 2022 में स्मार्ट टीवी खरीदी है। पता इसी भूमि का है। यह साफ दिखता है कि इस समय इस जमीन पर संतोष मुंडा रह रहा था, जो खुद बता रहा है कि यह जमीन हेमंत की है और इस पर राजकुमार पाहन का कब्जा नहीं था। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सद्भावनाएं और शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल और कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा स्वजन-मित्रों का सहयोग स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## हाइकोर्ट ने राज्य-केंद्र सरकार से पूछा

# धर्मांतरण रोकने के लिए क्या कार्रवाई हो रही है?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में ट्राइबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य और केंद्र सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं करने पर कोर्ट ने फिर से उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की है। सुनवाई के द्वारा प्रार्थी के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राइबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए।




उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

## झारखंड में थीम के आधार बनेंगे मॉडल बूथ

# 85 पार बुजुर्ग करेंगे वोट फ्रॉम होम

### 29,521 मतदान केंद्र पर पूरी है तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को सुविधा देने को लेकर काफी कुछ तैयारी की जा रही है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य की सभी 29 हजार 521 मतदान केंद्र मॉडल बूथ होंगे, जहां मतदाताओं के लिए कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

मतदान के लिए 85 पार कर चुके बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग यानी वोट फ्रॉम होम के अलावा मतदान केंद्र पर जाने के लिए निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में 85 बुजुर्ग वोटर्स की संख्या 1 लाख 39 हजार 445 है। वहीं दिव्यांग वोटर्स की संख्या 3 लाख 60 हजार 091 है।




**कुर्सी पर बैठ कर बारी का करेंगे इंतजार :** वोट देने आने वाली माताओं को उनके बच्चे के लिए पालना की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। मतदान केंद्रों पर तीन तरह के कतार रहेगी। महिला-पुरुष के अलावा एक अलग कतार दिव्यांग, गर्भवती महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होगी। इन मतदाताओं के बैठने के लिए समुचित कुर्सी की व्यवस्था होगी।

### बूथ पर होंगी सुविधाएं

गर्मी को देखते हुए चुनाव के दिन वैसे मतदान केंद्र जहां बरामदा की सुविधा नहीं है, वहां 15-15 का शेड लगाया जायेगा, जिसमें लंबी लाइन के वक्त मतदाता उस शेड में वोटिंग के लिए प्रतीक्षा करेंगे। पानी और मेडिकल किट की सुविधा रहेगी। दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए मतदान केंद्र पर रैंप की सुविधा भी रखने की तैयारी की गयी है।

# सरहुल धूमधाम से मनाने के लिए पांच जोन में बांटा गया



### केंद्रीय सरना समिति की बैठक में प्रभारी तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक में सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने के लिए रांची को पांच जोन में बांटा गया। साथ ही प्रभारी नियुक्त किया गया। पूर्वी जोन-विनय उरांव, संजय तिर्की, पश्चिमी जोन-पंचम तिर्की, सूरज तिग्गा, उत्तरी जोन-सधन उरांव, अमर तिर्की, दक्षिणी जोन सहायक तिर्की, अनुपमा तिर्की, मध्य जोन की कमान सत्यनारायण लकड़ा, बाना मुंडा, जादो उरांव को दी गयी। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा। 11 अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा और ईद का त्योहार है। दोनों त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए जिला प्रशासन से केंद्रीय शांति समिति की बैठक की मांग की गयी।

## सहायक आचार्यों के 3017 आवेदन रद्द

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी ने 3017 आवेदनों को रद्द कर दिया है। ये सभी आवेदन झारखंड प्राथमिक प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आये थे। जेएसएससी द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 3017 अभ्यर्थियों ने परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि तक केवल रजिस्ट्रेशन ही कराया था। परीक्षा का आवेदन शुल्क नहीं भरा था। इस कारण आवेदन रद्द कर दिया गया है।

## प्रारंभिक शिक्षकों के वेतन के लिए राशि निर्गत

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रारंभिक शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए राशि निर्गत कर दी गयी है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए बाइस अरब, पैंतालिस करोड़ की राशि प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह ने जारी की। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने शिक्षकों के वेतन मद में निर्गत करने की मांग की थी, ताकि ईद, सरहुल में शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं पड़े।

## डीएसपीएमयू के नये भवन में दरार, आजसू ने की शिकायत



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नये भवन का ऊपरी हिस्सा टूटकर गिर रहा है। इसको लेकर आजसू छात्र संघ ने ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। छात्र संघ ने कहा कि वोकेशनल विभाग की नयी बिल्डिंग को बने अभी कुछ ही समय हुए हैं। इसे शिफ्ट किये भी ज्यादा दिन नहीं बीता है और पूरी बिल्डिंग में दरार पड़नी शुरू हो गयी है, जो दूर से ही दिखाई देती है। कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो आजसू आंदोलन करेगा। मौके पर सूर्य प्रकाश शुक्ला, आनंद कुमार, अविनाश सिंह, बबलू मंडल, सर्वेश कुमार, मुन्ना कुमार, आयुष गुप्ता, राजदीप, निखिल, राकेश कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20-21 को

रांची (आजाद सिपाही)। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी इमा के तत्वावधान में सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में शुक्रवार किया गया। इसमें खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक और राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते, काता का प्रशिक्षण दिया। खिलाड़ियों को रिंग में फाइट के दौरान स्कोर करने के तरीके और गलत तरीके से फाइट करने पर वार्निंग की जानकारी दी। राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि बिशप स्कूल की मेजबानी में सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इमा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को आयोजित 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है।

## झारखंडी बच्चों का पुरी में शैक्षणिक भ्रमण

रांची (आजाद सिपाही)। समग्र शिक्षा अभियान के तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के कक्षा 8वीं और 9वीं के 115 बच्चों को ओड़िशा के पुरी की शैक्षणिक यात्रा करायी गयी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की पहल पर बच्चे पुरी यात्रा गये। बच्चों ने पुरी की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भौगोलिक विविधता का आनंद लिया। बच्चों की सुरक्षा से लेकर इनके आवासन और भोजन की राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा व्यवस्था करायी गयी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी बिनीता तिर्की ने बताया कि स्कूली बच्चे पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर, समुद्र तट, कोणार्क मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, धौलीगिरी शांति स्तूप, लार्ड लिंगराज मंदिर आदि का भ्रमण किया। बच्चों ने समुद्र तट में खूब मस्ती की। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भ्रमण टीम के साथ राज्य कार्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

# साथी हमारा कौन बनेगा...गूंजा श्याम मंदिर

## पापमोचनी एकादशी में लगा भक्तों का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भक्तिमय वातावरण में हुआ। एकादशी पर प्रातः से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा। साथी हमारा कौन बनेगा, देखु जिधर उधर ही मेरे श्याम का नजारा...से श्याम मंदिर गूंजा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पापमोचनी एकादशी पर द्वितीय विशेष श्रृंगार का दर्शन करने को लेकर पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्री श्याम दरबार के बाहर साकेत ढानढनिया, नेहा ढानढनिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर प्रसाद वितरण किया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान कराया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में तीन घंटे तक भजन कीर्तन चला। झरिया के भजन गायक कृष्णा अग्रवाल ने बाबा के दरबार में भजनों का गायन कर सभी को भाव विभोर किया। मौके पर श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनुज मोदी, सलज अग्रवाल, साकेत ढानढनिया, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनौली, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, निखिल नारनौली समेत अन्य मौजूद थे।



## सनातन महापंचायत की बैठक में नयी कमेटी का गठन

# घरों में झंडा लगायें रामभक्त: ललित ओझा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत की बैठक में शुक्रवार को कमेटी का विस्तार और रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया गया। अध्यक्षता महापंचायत के मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा ने की। इसमें कई एजेंडों पर चर्चा हुई। साथ ही महापंचायत की नयी कमेटी में मुख्य संरक्षक डॉ आशा लकड़ा, संजय सेठ, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, समरी लाल को बनाया गया। संरक्षक संजय कुमार जयसवाल, कृपाशंकर सिंह, मुकेश पांडेय, रामधन वर्मन, अशोक पुरोहित, रमेश सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, राकेश सिंह, ऋषि शाहदेव, सुजीत सिंह बनाये गये। मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा, वरिष्ठ संयोजक संजय मिनोचा, शशांक राज, संयोजक अनिल राम, संजीव चौधरी, राजेश प्रसाद, राहुल चौधरी, महिला विंग नीतु सिंह, पूनम सिंह, कुमुद झा, युवा समन्वय संजय महतो, बबन बैठा, चंदन प्रजापति, शुभम जयसवाल, रौनक चौधरी और कला संयोजक आशुतोष द्विवेदी बनाये गये। सरना सनातन समन्वय नकुल तिर्की,मीडिया विंग अमित चौधरी, राहुल कुमार दुबे, कार्यालय प्रभारी शिव किशोर शर्मा, महानगर संयोजक युवराज पासवान, सह संयोजक सत्यजीत कुमार, संजीत सिंह, सुभाष साहू, राहुल सिन्हा, चंकी राणा, रणधीर रजक, ग्रामीण समन्वय महेश महतो सोनू, राजकिशोर साहू और सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी मेहुल प्रसाद, मंटू दुबे को दी गयी।




**इनकी रही जिम्मेवारी :** किशोर साहू, राजीव रंजन मिश्रा, रवि कुमार पिंकू, दीपक ओझा, शंकर दुबे, रामधन वर्मन, अशोक पुरोहित, मुकेश पांडेय, संजय मिनोचा, प्रमोद सारस्वत, गोपाल पारीख समेत अन्य मौजूद थे।

# उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में दूसरा दीक्षांत समारोह

### नौ को गोल्ड, 275 छात्रों को मिली डिग्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने दूसरा दीक्षांत समारोह शुक्रवार को नारायण सोसो रांची स्थित परिसर में आयोजित किया। यह गणमान्य की उपस्थिति और शैक्षणिक उपलब्धियों के जश्न द्वारा चिह्नित एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि पद्म विभूषण डॉ आरए माशेलकर थे। मुख्य अतिथि डॉ माशेलकर के साथ कुलाधिपति प्रभात कुमार, प्रतिकुलपति प्रो सुरेश गर्ग, कुलपति प्रो मधुलिका कौशिक और अध्यक्ष हेमंत गोयल ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने किया।

दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम के लिए 9 स्वर्ण सहित 275 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी। इनमें 18 छात्रों को पीएचडी डिग्री, 165 छात्रों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री, साथ ही 83 छात्रों को डिप्लोमा की डिग्री दी गयी।




### कुलपति ने प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रोफेसर मधुलिका कौशिक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति और स्थायी परिसर में बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। विश्वविद्यालय के विकास पथ पर जोर देते हुए प्रोफेसर कौशिक ने इसकी सफलता का श्रेय एक मजबूत और उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली को दिया।

**युवाओं की भागीदारी से विकसित भारत - माशेलकर :** पद्म विभूषण डॉ आरए माशेलकर ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा की विकसित भारत का सपना केवल युवाओं के समर्पण और सक्रिय भागीदारी से ही हासिल किया जा सकता है। डॉ माशेलकर ने एक विकसित राष्ट्र के सार को समाहित करनेवाले सात सिद्धांतों को साझा किया। संतुलित, सुसंस्कृत, शिक्षित, समृद्ध, सुशासित, सुरक्षित और खुशहाल। साथ ही डॉ माशेलकर ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। छात्रों से समाज में सकारात्मक योगदान देने और अपनी मातृभूमि के मूल्यों को बनाये रखने का आग्रह किया।

प्रोफेसर कौशिक ने नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए अनुसंधान और विकास में विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण प्रगति पर भी प्रकाश डाला।

### माशेलकर ने दिया गोल्ड मेडल

दीक्षांत समारोह के दौरान मुख्य अतिथि माशेलकर ने छात्रों को अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। कुलाधिपति ने पीएचडी की डिग्री दी। कुलपति ने छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की। आकाश कुमार सोनी, निलय कुमार, अभिलाषा भारती, सुरभि देवगम, लक्ष्मी सरदार, सृजा, आर्यन कुमार गुप्ता, कृष्णा शर्मा और हर्षद मेहता को अध्ययन के अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

## पूर्व प्रोफेसर अकिंचन का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विवि के पूर्व प्रोफेसर डॉ सीताराम अकिंचन का शुक्रवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। शनिवार को हरमू मुक्ति धाम में दोपहर 2 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। डॉक्टर सीताराम अकिंचन की ख्याति झारखंड-बिहार के एक स्थापित समाजशास्त्री के रूप में थी। पिछले वर्ष ही इनकी धर्मपत्नी मालती अकिंचन का देहांत हुआ था। डॉ अकिंचन अपने पीछे दो बेटियां, दामाद, दो बेटे समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। शोक जतानेवालों में रामचेतन त्रिपाठी, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ माया प्रसाद, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील बादल, मधुकर श्याम, प्रणव प्रियदर्शी, गिरिजा कोमल सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता : सुदेश

**शहादत दिवस पर रघुनाथ महतो को आजसू ने किया याद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो का उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद रघुनाथ महतो की शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना और उनके परिचय को बड़े दायरे में स्थापित करना प्राथमिकता है। वह शुक्रवार को रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर



बुढ़ाम चौक सिल्ली स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि के बाद बोल रहे थे। सुदेश महतो ने कहा कि जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष और विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। इस विद्रोह के नायक रघुनाथ महतो थे। मानभूम से लेकर धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का नेतृत्व करने वाले वीर शहीद रघुनाथ महतो हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। रघुनाथ महतो के परिचय को बड़े दायरे में लाने की हमारी कोशिशें जारी हैं।

**रघुनाथ के संघर्षों से प्रेरणा मिलती है: नेहा :-** मौके पर उपस्थित नेहा महतो ने कहा कि रघुनाथ महतो के संघर्षों से हमें प्रेरणा मिलती है। उनकी जीवनी आने वाली कई पीढ़ियों को जुल्म और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने को प्रेरित करती रहेगी। मौके पर संजय सिद्धार्थ, सुनील सिंह, सुशील महतो, गौतम साहू, बीना देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्त्री दो कुल को पवित्र करती है : आचार्य दीनानाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री जगतगुरु देवाचार्य मलुक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास, महाराज के कृपापात्र शिष्य परम पूज्य आचार्य दीनानाथ शरण महाराज श्री धाम वृंदावन, यज्ञाचार्य कमलाकर द्विवेदी, भागवत परायण आचार्य डॉ अंबुज शुक्ल, आचार्य कन्हाई द्विवेदी, पंडित कमलेश त्रिपाठी, वादक तबला पर सत्येंद्र तिवारी, आर्गन पर प्रवीण, नाल पर संदीप, पैड पर संतोष, झांकी नवीन (कतरास) की दल के संचालन में भागवत कथा सप्ताह के छठवें दिन भारी भीड़ उमडी। कथा में पंडित दीनानाथ ने कहा कि कृष्ण गोपालक हैं। देशी गायों का दूध पीना चाहिए। विदेशी नस्ल की गायों का दूध कैंसर देता है। भारत गायों और माइयों का देश है। यहां



की बेटी पिता और पति दोनों कुल को पवित्र करती है और गायो का दूध, गोबर, गोमूत्र औषधीय है। इनकी रक्षा करनी चाहिए, इनके हत्यारों को दंड देने में पाप नहीं होती है। सनातन में नारियों को पचास प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा प्राप्त है। बिना पत्नी के दायांगिन होते बिना यज्ञ भी अधूरा हो जाता है। कृष्ण के माता-पिता की पवित्रता है कि सात कोश के गिरिराज को सात साल के कृष्ण ने सात दिनों तक उठाये रखा। यह माता-पिता और गो के दूध की विशेषता रही है। शनिवार को सुदामा चरित्र की कथा और झांकी के साथ कथा विश्राम लेगी। उसके अगले दिन हवन और यज्ञ विश्राम होगा। यह जानकारी पंडित रामदेव पांडेय ने दी।

# नयी तकनीकों का करें सदुपयोग: निदेशक

**आरयू में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर सेमिनार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग के प्रभाव और उपयोगिता विषय पर सेमिनार का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें विशेषज्ञ मनीष सिन्हा ने मास कॉम के छात्रों को एआइ के बारे में बताया।

मास कॉम के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि तकनीक में हर रोज हो रहे बदलावों का हमें



जीवन में सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने एआइ पर आयोजित इस सेमिनार की सराहना की और छात्रों के लिए इसे आवश्यक बताया। वरिष्ठ पत्रकार शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि तकनीक और डिजिटल युग में हो रहे नित नये बदलावों से डरने के बजाय इसे अपने करियर और कार्यों में सदुपयोग पर हमें ध्यान देना चाहिए। इस सेमिनार में मास कॉम के सभी सत्रों के छात्रों के अलावा विभाग के शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा, अरिंदम मुखर्जी, पीएस तिवारी उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग के दौरान चार लाख बरामद

रातू (आजाद सिपाही)। रातू पुलिस ने थाना क्षेत्र के फनकैशल पार्क के पास वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार की शुबह वाहन चेकिंग के क्रम में बाईक से चार लाख रुपये बरामद किया है। रुपये रांची के मोराबादी से हरभोंगा, चैनपुर ले जाया जा रहा था। उक्त रुपये चैनपुर थाना क्षेत्र के ही हरभोंगा निवासी जयदेव शर्मा पिता जगदेव शर्मा के पास से बरामद किये गये है। रुपये के साथ पकड़े गये युवक ने बताया कि वह मोराबादी के एक ठेकेदार से रुपये लेकर लेबर पेमेंट लेकर चैनपुर जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन

## विधानसभा पहुंचा पार्थिव शरीर, स्पीकर ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का रांची में निधन हो गया। वह 72 साल के थे। गुरुवार की देर रात लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट के बाथरूम में बेहोश होकर गिर गये थे, जिसके बाद परिजन उन्हें लालपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लालचंद महतो झारखंड गठन के बाद बनी पहली सरकार में ऊर्जा मंत्री थे। लालचंद महतो ने अपनी राजनीति भारतीय जनसंघ से शुरू की थी। आपातकाल के बाद हुए 1977 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर डुमरी सीट पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्होंने जीत भी दर्ज की। इसके बाद वे 1990 में जनता दल के टिकट पर दोबारा डुमरी के विधायक बने। वर्ष 1999 में हुए विधानसभा चुनाव में वह डुमरी सीट से जदयू प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर तीसरी बार विधायक बने और झारखंड की पहली सरकार में ऊर्जा मंत्री बने।

**संजय सेठ जताया शोक :** रांची। मंत्री रहे लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर सांसद संजय सेठ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो और अरगोड़ा मंडल अध्यक्ष मुनेश्वर साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**झारखंडी आवाम के हितों के लिए समर्पित रहे लालचंद महतो - डॉ लंबोदर महतो :** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री रहें लालचंद महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लालचंद महतो झारखंडी आम जनमानस को समझने वाले और उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते थे। आदिवासी व मूलवासी के मुखर आवाज थे। पिछड़ों के हक व अधिकार को लेकर भी सजग व गंभीर रहते थे। सामाजिक व राजनीतिक जीवन में उनकी अलग पहचान थी। बेबाक व साफगोई तरीके से अपनी बात रखते थे। उनका असामयिक निधन झारखंड के लिए क्षति है। ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर राज्य के विकास में अपना योगदान देने के रूप में भी याद किए जाते रहेंगे।

**सुदेश महतो ने जताया शोक :** पूर्व मंत्री लालचंद महतो के निधन पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने शोक जताया है। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। कहा कि उनके निधन की खबर से दुखी हूं। शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे।

**अपूरणीय क्षति हुई है- राजेश गुप्ता :** लालचंद महतो के निधन से राज्य में अब के समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। वे ओबीसी के लिए जीवन भर संघर्ष करने रहे। उनके संघर्षों को मुकाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अब राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के कंधो पर आ गई है जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना है। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के राजेश गुप्ता ने कहीं। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा कि उम्र से भले ही वो वृद्ध हो गए थे लेकिन उनका जीवन उर्जा से भरा होता था। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, दिलीप वर्मा, शिव प्रसाद साहू, विष्णु कुमार, राम लखन साहू मोहम्मद जुनेद,शुभम विश्वकर्मा, वसीम अकरम, विनय चंद्रवंशी आदि का नाम शामिल है।



पूर्व मंत्री लालचंद महतो को श्रद्धांजलि देते स्पीकर रवींद्रनाथ महतो।

### विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक

लालचंद महतो के निधन पर शुक्रवार को विधानसभा परिसर में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची के लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट से उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा परिसर लाया गया था। इससे पहले मंत्री बेबी देवी ने भी शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढांढ़स बंधाया। अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शोक जताते हुए कहा कि पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने राज्य गठन के बाद प्रदेश को दिशा देने का काम किया था।

### झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति: राजेंद्र प्रसाद

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि लालचंद महतो गरीब गुरुवा और पिछड़ों की आवाज थे। लालचंद महतो के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### लालचंद महतो का निधन अपूरणीय क्षति: बंधु

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन झारखंड के साथ ही इंडिया गठबंधन के लिए अपूरणीय क्षति है। इसकी भरपायी कभी नहीं हो सकती। श्री तिर्की ने कहा कि पहले ऊर्जा मंत्री के रूप में झारखंड में आधारभूत ऊर्जा संरचनाओं का विकास किया और ऊर्जा उत्पादन-संचरण सुविधाओं को सुदृढ़ किया।

## तीन गांजा कारोबारियों को पुलिस ने दबोचा

रांची (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाये रखने में रांची पुलिस जुटी है। लगातार अवैध शराब, हथियार और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए अभियान चला रही है। इसी दौरान एसएसपी को गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर गांजा के कारोबार का खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप के रहने वाले राजकुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह और खादगढ़ा मिलन चौक का रहने वाले अनिल साव को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने पुड़िया में करीब आधा किलो गांजा और दो पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया।

## एक वर्ष से फरार आरोपित गिरफ्तार

खूंटी। खूंटी थाना में दर्ज मारपीट के एक मामले (कांड संख्या 45/23) के फरार आरोपित संजय लोहरा उर्फ टाइगर को पुलिस ने शुक्रवार को शहर के पिपराटोली स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि फरार संजय लोहरा उर्फ टाइगर अपने पिपराटोली स्थित घर आया हुआ है। इस सूचना पर परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए संजय लोहरा को गिरफ्तार कर लिया।

# नशामुक्ति का अभियान युद्धस्तर पर जारी रहेगा : सिटी एसपी

**उड़ता झारखंड नहीं बनने देंगे के संकल्प के साथ दौड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने कहा कि राजधानी को नशा से मुक्त कराने के लिए पुलिस द्वारा शुरू अभियान युद्धस्तर पर जारी रहेगा। इस कड़ी में अनेक अपराधियों और पेडलर्स को जेल भेजा जा चुका है। नशे के धंधे में शामिल लोग खुद को अलग करें, अन्यथा बच नहीं पायेंगे। रांची रिवोल्ट जनमंच और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा मोरहाबादी फुटबॉल मैदान में आयोजित नशामुक्ति जागरूकता अभियान की शुरुआत की गयी। नशाखोरी के खिलाफ आयोजित अभियान और दौड़ की शुरुआत पर रांची रिवोल्ट जन मंच के



संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए शुरू किया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों और युवाओं-छात्रों से अपील की कि सभी को मिलकर पुलिस की सहायता करनी चाहिए। डॉ बब्बू ने सभी से अपील की कि नशे के व्यापार और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक को उनके मोबाइल नंबर 9431706137 पर व्हाट्सअप के द्वारा दें। इस मौके पर लक्ष्य अकादमी के सुनील यादव, सुजाता भगत, अनुपमा प्रसाद, उपेंद्र कुमार बब्लू, सुनील यादव, संजय मिश्रा, माणिक बोस, मृत्युंजय सिंह, गणेश साहू, अभिषेक कुमार मिंकु, सत्य प्रकाश मिश्रा, सुनील टोप्पो, मौलेश सिंह, शमशाद मुन्ना समेत अन्य मौजूद थे।

# 2.70 करोड़ के डोडा के साथ छह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने 2.70 करोड़ के डोडा के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बड़े कंटेनर में भरकर डोडा की एक बड़ी खेप खूंटी से निकलकर रांची के रास्ते राजस्थान जायेगी। इसके बाद पुलिस की टीम खूंटी से रांची आने वाले सभी रास्तों पर चेक नाका लगाकर कंटेनर की तलाश में जुट गयी। इसी बीच खूंटी नामकुम



हाइवे पर राजस्थान नंबर का एक कंटेनर पुलिस को आता दिखा, जिसे पुलिस में रोक लिया। कंटेनर के ठीक पीछे एक अन्य वाहन में कुछ लोग बैठकर पुलिस की कार्रवाई देख रहे थे। पुलिस जब उनके नजदीक जाने लगी तो वे लोग भागने की कोशिश करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने वाहन में मौजूद सभी लोगों को पकड़ा। चारों राजस्थान के तस्कर हैं, जो खूंटी से अफीम डोडा खरीद कर राजस्थान ले जा रहे थे। पुलिस ने कंटेनर से 1589 किलो डोडा बरामद किया। इसकी कीमत बाजार में 2.70 करोड़ है।

# सीसीएल ने जारी किया नया लोगो और टैगलाइन

**यह लोगो कंपनी कोयला उत्पादन के साथ साथ 'सस्टेनेबल माइनिंग' को प्रदर्शित कर रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अपना नया लोगो और टैगलाइन जारी किया है। यह लोगो कंपनी कोयला उत्पादन के साथ साथ 'सस्टेनेबल माइनिंग' को प्रदर्शित कर रहा है। कंपनी का आधिकारिक टैगलाइन 'fuelling Sustainable Growth' होगा।

कोल इण्डिया
Coal India
CCL
Tagline
Fuelling Sustainable Growth

यह लोगो कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस & पब्लिक रिलेशंस डिपार्टमेंट द्वारा इनहाउस डिजाइन किया गया है। विभागाध्यक्ष (सीसी & पीआर) आलोक कुमार ने बताया कि आज से सभी आधिकारिक कार्यों के लिए यह लोगों प्रयोग में लाया जायेगा।

ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने कीर्तिमान रचते हुए रिकॉर्ड 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया था। कंपनी ने अपने निर्धारित लक्ष्य 84 मिलियन टन को पार करते हुए देश के ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# भूमि सुपोषण-संरक्षण अभियान 9 से

**250 गांवों में एक माह तक चलेगा अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेती-बारी में रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशक और खरपतवार नाशकों का उपयोग न्यूनतम करने, कृषि कार्य में पानी की खपत कम करने के उद्देश्य से झारखंड में प्रथम चरण में 9 अप्रैल से 10 मई तक भूमि सुपोषण- संरक्षण जन अभियान चलेगा। झारखंड और देश में कार्यरत 30 से अधिक स्वयंसेवी संगठनों, कृषि विश्वविद्यालयों के सहयोग से इस अभियान के कार्यकर्ता 250 गांव में पहुंचेंगे। सभी गांव में मिट्टी के नमूनों, देशी




गोवंश और परंपरागत छोटे कृषि यंत्रों का पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। रामकृष्ण मिशन रांची के सचिव स्वामी स्वामी भावेशानंद, सिद्धनाथ सिंह और प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सिद्धार्थ जयसवाल ने शुक्रवार को डीम्ड विश्वविद्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उक्त जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी से स्वस्थ फसल, स्वस्थ मानव और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में पंचगव्य सिस्टम ऑफ मेडिसिन बहुत प्रभावी है। कई असाध्य रोगों के इलाज में कारगर है। देश में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग, कीट नियंत्रकों के उपयोग से जमीन में जैविक कार्बन की मात्रा लगातार घटती जा रही है। जहरीले रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी बीमारियां निरंतर बढ़ रही हैं। देश में 2016 में 6 करोड़ के लगभग हुए मिट्टी नमूनों की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि जैविक कार्बन की मात्रा अब केवल 0.05 प्रतिशत रह गयी है। यह अत्यंत चिंतनीय विषय है। गेहूं को अगर जैविक कृषि से उत्पादित किया जाये, तो इसमें लागत लगभग 10 रुपये तक घटायी जा सकती है। इस अवसर पर प्रांत ग्राम विकास झारखंड के प्रमुख महेंद्र प्रसाद, चंद्रमोहन महतो, पंकज वत्सल और अविनाश कुमार भी उपस्थित थे।

# रांची कॉलेज में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची कॉलेज में सरहुल पर्व के अवसर पर आदिवासी छात्र संघ के द्वारा पहली बार सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित थीं। मौके पर उपस्थित सरना सदान मूलवासी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा की 2018 में झारखंड के पूर्व राज्यपाल और भारत के वर्तमान राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के परिसर में आखड़ा का शिलान्यास किया गया था ताकि कॉलेज के छात्र छात्राएं अपने परंम्परा और संस्कृति को नजदीक



से समझ सके। लेकिन मात्र एक वर्ष के अंदर उस अखाड़ा को बास्केट बॉल कोर्ट बनवा दिया गया वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

वहीं आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा की आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व सरहूल का आगमण हो गया है। आदिवासी मुलवासी समाज में खुशी का महौल है सुदूर क्षेत्रो से आकर छात्र छात्राएं लॉज में रहकर पढ़ाई करते है और सरहूल के दिन को अपने गांव में जाकर पुरे विधि विधान के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवेक तिर्की, पवन कुमार, सोनू खलखो, रितु कच्छप, मीना कुजूर, अपर्णा बाड़ा, पूर्णिमा मुंड़ाईन, प्रदीप मिर्धा उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# लेवी वसूलने आये पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, देसी कट्टा, गोली, नक्सली पर्चा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने गुरुवार को मुरहू थानांतर्गत गुल्लू साप्ताहिक बाजार में छापामारी कर लेवी वसूलने आये प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा दस्ते के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में मुरहू थानांतर्गत बालो मेहरा टोली गांव निवासी शंकर गोप, घाघरा बनटोली गांव निवासी अजीत स्वांसी तथा सायको थाना क्षेत्र के भुरसू गांव निवासी सुनील नायक शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, पांच जिंदा गोली, पीएलएफआइ का पर्चा, लेवी के नगद 15700 रुपये, एक पॉकेट डायरी और छह मोबाइल बरामद किये हैं। यह जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार अपराह्न में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों ने पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा के निर्देश पर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार-प्रसार करने, संगठन के लिए नेटवर्किंग का काम करने और संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की बात स्वीकार की है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व 29 मार्च को गुल्लू साप्ताहिक हाट में पीएलएफआइ के उक्त एरिया कमांडर के नाम पर तीन अज्ञात उग्रवादियों द्वारा व्यापारियों से हथियार का भय दिखा कर लेवी मांगने तथा कुछ व्यापारियों से मोबाइल छीन कर ले जाने की घटना हुई थी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी थी। इसी बीच गुरुवार को पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि गुल्लू बाजार में लेवी वसूलने के लिए एरिया कमांडर लंबू दस्ते के कुछ उग्रवादी आनेवाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक और खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास के नेतृत्व में गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुल्लू हाट में छापामारी की और लेवी वसूलने आये तीनों उग्रवादियों को धर दबोचा।

### लंबा आपराधिक इतिहास है गिरफ्तार उग्रवादियों का

गिरफ्तार शंकर गोप के विरुद्ध जिले के मुरहू, रनिया तोरपा और खूंटी थाने में हत्या, 17 सीएलए एक्ट आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल 16 मामले दर्ज हैं। इनमें आठ मामले हत्या के हैं। इसी प्रकार अजीत स्वांसी के विरुद्ध मुरहू, तोरपा और खूंटी तथा पश्चिम सिंहभूम के बंदगांव थाने में हत्या, 17 सीएलए एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि संगीन धाराओं में कुल आठ मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील नायक के विरुद्ध खूंटी थाने में एक मामला दर्ज है। इसके अतिरिक्त अन्य थानों से भी इनका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। छापामार टीम में खूंटी एसडीपीओ और खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक के अलावा मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडविन केर-केट्टा, एसआई विनोद कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## खूंटी के सायको से 91.57 लाख का अवैध अफीम डोडा बरामद



**खूंटी।** जिला पुलिस और एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी उलिहातू की टीम ने शुक्रवार को सायको थाना क्षेत्र के रुगड़ी गांव में छापामारी कर छिपा कर रखे गे 610.5 किलोग्राम अवैध अफीम का डोडा बरामद किया है। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 91 लाख 57 हजार 500 बताई जाती है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सायको थाना क्षेत्र के रुगड़ी गांव में भारी मात्रा में अवैध डोडा छिपा कर रखा गया है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए निलेश संतोष मासूले सहायक समादेष्टा एसएसबी 26 बटालियन डी कंपनी और पुलिस अवर निरीक्षक विमल सायको थाना के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने रूगड़ी के पास जंगल में छिपा कर रखे गए 48 बोरों में बंद अवैध अफीम डोडा को जब्त कर लिया। इस संदर्भ में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## 107 का नोटिस थमाये जाने के बाद सूरज महतो ने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के डामारी गांव में शुक्रवार को बुंडू थाना द्वारा 107 का नोटिस थमाए जाने के बाद लगभग दोपहर में सूरज महतो ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब तक घर वालों को पता चला युवक की जान जा चुकी थी। आनन फानन में आसपास के ग्रामीणों ने थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थाना के पदाधिकारी ओर ग्रामीणों के बीच नोक झोंक का भी सामना करना पड़ा. इधर मामले को सुनकर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण जुट गये। हालांकि यह घटना को सुनकर सभी उसके सुधरने की बात कह रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले ली तथा पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया।

## अर्जुन मुंडा ने ग्रामीणों से किया संवाद



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के खूंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा शुक्रवार को बुंडू प्रखंड के बारेडीह गांव में ग्रामीणों से संवाद करने पहुंचे। इस बीच उनका ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज से माला पहनकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया .ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पेयजल की काफी असुविधा है बोरिंग की गयी है परंतु जल उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को अस्वात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजना को राज्य सरकार धरातल पर नहीं ला रही है जिसके कारण लोगों को कहीं-कहीं पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी उपस्थिति बहुत कम नजर आई है क्योंकि वह केंद्र सरकार में मंत्री पद पर आसीन थे। उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों का भ्रमण करना पड़ता है जिसके कारण वे ग्रामीण क्षेत्रों में नजर नहीं आ पाते हैं। उन्होंने बांग्ला भाषा में केंद्र की योजनाओं के बारे में लोगों को संबोधन किया तथा केंद्र में मोदी सरकार को पुनः अपना समर्थन देने को कहा इस अवसर पर कपिल महतो विशाल गुप्ता आलोक दास सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा,बाकलतोड़िया, रुगरी, टीकर, दालग्राम आदि गांव में स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को दिव्यांग मतदाताओं के साथ झारखंड दिव्यांग सहायता सोसाइटी तथा आंगनवाड़ी सेविका के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान किया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांग मतदाताओं के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जागरूक किया गया। वहीं गौरांगकोचा पंचायत भवन में आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। साथ ही सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ दिलाई गयी।

# गुनाहों को बख्शने का दिन है अलविदा जुमा:हाफिज मुमताज

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की मस्जिदों में अदा की गयी अलविदा जुमा की नमाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र एंव आस पास के ग्रामीण इलाको के मस्जिदो मे शुक्रवार को रमजान महीने के अलविदा जुमा की नमाज अदा की गयी। रमजान महीने के आखिरी जुमे की नमाज को अलविदा जुमा कहा जाता है। इस दिन को लोग छोटी ईद के रूप मे भी मनाते है। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाजियो की भीड़ देखी गयी। बचरा जामा मस्जिद मे नमाज अदा करने के लिए लोगो की काफी भीड़ देखी गई।भीषण भरी गर्मी और तपती धुप के बावजुद मस्जिदो मे नमाजियो की भारी भीड़ देखी गयी। बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाया। नमाज से पूर्व अपने तकरीर मे हाफिज मुमताज ने अलविदा जुमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रमजान का आखिरी जुमा यानी जुमा अलविदा पर खुदा बंदों के गुनाहों को बख्श देता है। लोगो का इस दिन का एक वर्ष से इंतिजार रहता है। रमजान के पाक महीने मे खुदा की ईबादत करने के बाद अलविदा जुमा को लोग अपनी गुनाहो की माफी मांगते है।

# दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददात



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा मस्जिद मे रमजान के मौके पर हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रमजान महीने के अलविदा जुमा पर प्रत्येक वर्ष न्यु मंगरदाहा गांव मे हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफ्तार का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम मे कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय, डकरा, खलारी, बहेरा, कल्याणपूर, टंडवा, कामता सहित अन्य जगहो के रोजेदार शामिल हुए और एक साथ इफ्तार किया। इफ्तार से पूर्व आपसी भाईचारगी और देश व राज्य की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी, जिसके बाद मगरिब की अजान के साथ सभी लोगो ने एक साथ इफ्तार किया। आयोजक श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी ने बताया कि प्रत्येक साल रमजान महीने के मौके पर और अलविदा जुमा के दिन हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफतार का आयोजन कराया जाता है। कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से काफी संख्या में रोजेदार उत्साह के साथ दावते इफतार पार्टी मे शामिल हुए। इस मौके पर इमामउल हक, इकबाल हुसैन, अब्दुल कुदूस अंसारी, अब्दाल अंसारी, जहीर अंसारी, आशिक अली, मन्जुर आलम, इदरीश अंसारी, सकील अंसारी, मंसूर आलम, इरफान शेख, अरशद अंसारी, साबिर अंसारी, लियाकत अंसारी, बदरुदीन अंसारी, नासिर अंसारी, मोहम्मद सोएब, मोहम्मद नेजाम, शहनवाज आलम, सलीम जावेद,अब्दुल अंसारी, रिंकु खान, लियाकत अंसारी, शमसुल होदा, जुल्फिकार अली, कयूम अंसारी, अमजद अली, हाफिज क्यामुदीन, हाफिज मकसूद, कारी रियासत, मो असलम, सदीक अंसारी, खुर्शीद आलम,जमीर अंसारी,मो. कलाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के सलगाड़ीह कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा और स अनिता कुमारी के द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध और उन अपराधों का रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा के द्वारा बताया गया कि आज यौन हिंसा जानकारी के अभाव में 12-18 वर्ष के बच्चियां यौन हिंसा का शिकार हो रही हैं। यौन हिंसा करने वाले अधिकांश अपराधी पीड़िता के जान पहचान के होते हैं। वे रिश्तेदार या मित्र हो सकते हैं। जिसके कारण यौन हिंसा की पीड़िता उन अपराधों के बारे में किसी से साझा नहीं कर पाती हैं। जिसका परिणाम काफी भयंकर होता है। यदि कोई बच्ची यौन हिंसा का शिकार होती हैं तो या डायल 100 में कॉल करके या डायल 112 में पुलिस को मैसेज कर-के अपना शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। यौन हिंसा, छेड़खानी, सोसल मीडिया में होने वाले महिलाओं से संबंधित अपराध सायबर अपराध और इन अपराधों का रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण कदम के विषय पर विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर सलगाडीह गांधी आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीता बड़ाइक एंव विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** पांच साल के बाद इस वर्ष फिर से रामनवमी के पूर्व संध्या पर केडी हिन्दूगढ़ी चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसे लेकर केडी बाजार में स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता रमेश शर्मा ने किया। बैठक में चर्चा किया गया कि वर्ष 1991 से होता आ रहा यह आयोजन अंतिम बार वर्ष 2019 में हुआ था। इसके बाद कोरोना बीमारी के कारण प्रतियोगिता बंद करना पड़ा। केडी रोड के चौड़ीकरण के कारण हिन्दूगढ़ी चौक का भी पुनर्निर्माण करना पड़ा। हिन्दूगढ़ी चौक अपना आकार ले चुका है। पांच साल बाद इस साल फिर से प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय लोग उत्साहित हैं। संचालन रतन मिश्रा ने किया। बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रंजनसिंह बिट्टू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं बुकबुका के पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर उर्फ मार्शल को महासचिव बनाया गया। उपाध्यक्ष भोला राम, प्रिंसराज सिंह, विनोद निषाद कारू व राजेश वर्मा, सहसचिव अश्विनी खां, मयंक सिंह, अरूण यादव व रवि सिंह, कोषाध्यक्ष रतन मिश्रा व मिथिलेश सिंह, संयोजक अरविन्द सिंह, संरक्षक सत्येन्द्र सिंह, राजनसिंह राजा, मिथिलेश सिंह, सुशील अग्रवाल, राजेशसिंह मिंटू, रमेश शर्मा, अमरभूषण सिंह, प्रवीण राठौर, विकास सिंह, सूर्यकांत सिंह, दिलीप पासवान, गिरिधर तिवारी, रंजन सिंह, कृष्णचंद्र, अवधेश यादव, राजेन्द्र चौहान, पंकज मिश्रा, धीरेन्द्र प्रसाद, घंटू पांडेय, कार्यकारिणी सदस्यों में विक्की सिंह, संतोष दूबे, राजेन्द्र प्रसाद, उदयभान सिंह, श्रीकान्त शर्मा, पवनराज सिंह बंटी, बलवंत सिंह, पवन चंद्रवंशी, नवीन ठाकुर, सुनील कश्यप, छोटू सिंह, हरेन्द्र सिंह, अनुप वर्मा, छोटू पांडेय, डंपू सिंह, कुमुद रंजन सिंह, रंजीत केशरी, अजीत सिंह, मोनू सिंह, सोनू सिंह, संजय कामत, कन्हैया झा, सूरज कुमार, दीपक कुमार, आदित्य सिंह, शिवम सिंह, भोला यादव, सागर राम, अशोक रावत, रंजीत केशरी, अमरदीप राय, सत्येन्द्र खरवार, बबलू सिंह आदि शामिल हैं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ दुकानों में छापामारी, जुर्माना वसूला गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक से खूंटी नगर पंचायत को मुक्त करने के उद्देश्य से नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सृष्टि दीप्रिया मिंज के नेतृत्व में शुक्रवार को बाजार टांड़ और आसपास की दुकानों में प्लास्टिक की छापामारी की गयी। इसमें लगभग 500 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक विभिन्न दुकानों से जब्त किया गया। साथ ही 5400 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। अभियान के दौरान लोगों को प्लास्टिक के वैकल्पिक साधनों जैसे कपड़े की थैली कागज का बैग और निर्धारित मांग दंड वाले कैरी बैग के साथ अन्य विकल्प के लिए लोगों को जागरूक किया गया। सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत कानूनी कार्रवाई के प्रावधानों के बारे में भी दुकानदारों को अवगत कराया गया।

इस अधिनियम के अंतर्गत माल की जब्ती, पर्यावरण क्षतिपूर्ति की वसूली और उद्योग, दुकान वाणिज्यिक प्रतिष्ठान और खुदरा विक्रेता आदि को सिंगल यूज प्लस्टिक को बंद करना अनिवार्य है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक बैन अभियान का नियमित रूप से संचालन किया जायेगा, ताकि खूंटी शहर के पर्यावरण में सुधार हो सके। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। अभियान में नगर प्रबंधक विपिन विमल टोप्पो और विभाग के कर्मी शामिल थे।

## विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** कल्याण गुरुकुल बुंडू परेफा फाउंडेशन पनीट रिच फोर झारखंड बुंडू के द्वारा 42वीं बैंच की 40 छात्राओं का प्लेसमेंट, विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। छात्राओं का प्लेसमेंट टाटा मोबाइल कंपनी बेंगलुरु में हुआ है विदाई समारोह की मुख्य अतिथि पुष्प लता जायसवाल लोकपाल (मनरेगा) रांची के हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## बीडीओ ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी खलारी प्रणव कुमार अम्बष्ट के द्वारा आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय पुलिस बल के लिए बनाए गए क्लस्टर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पुरानीराय का निरीक्षण किया गया। साथ ही मतदान केंद्र संख्या 56, 57 राजकीयकृत मध्य विद्यालय पुरनीराय ,मतदान केंद्र संख्या 58 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डून्डु, मतदान केंद्र संख्या 59,60 राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने का निरीक्षण किया गया। सभी विद्यालयों में आवश्यक बुनियादी सुविधा यथा रैंप,बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात बीडिओ के कक्ष में सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ चुनाव से संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गयी। सभी सेक्टर पदाधिकारियों से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधा, रूट प्लान, मतदाता जागरूकता समूह , वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधा, पोस्टल बैलट, विषयों पर समीक्षा किया गया।

## खूंटी में मानसिक रूप से कमजोर युवती ने फंदे से झूल कर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थानांतर्गत कमंता बस्ती निवासी शिवराज सिंह मुंडा नामक ग्रामीण की 25 वर्षीय पुत्री शिल्पा सांगा उर्फ शकुंतला सांगा ने शुक्रवार सुबह कमंता बस्ती के समीप एक पेड़ की डाली में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी स्वजनों एवं ग्रामीणों को मिलने पर तुरंत इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। स्वजनों के अनुसार शिल्पा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रांची के रिनपास में उसका इलाज भी कराया गया था।

## देसी शराब और बीयर के साथ एक गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को हेंब्रम स्थित एक घर में छापामारी कर 10 लीटर देसी महुआ शराब, किंगफिशर कंपनी के 600 एमएल के नौ और 500 एमएल के 14 की 14 बोतल बीयर बरामद की है। इस मामले में आरोपित जबरा मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शराब बेचने में अपनी संलिप्त की बात स्वीकार करते हुए बताया जबरा ने बताया कि वह अपनी ससुराल में रहकर चोरी-छिपे देसी महुआ शराब और बीयर की खरीद-बिक्री करता है। छापामार दल में पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार यादव, थाना प्रभारी अड़की पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी, अड़की थाना और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# खूंटी में अदा की गयी रमजान के अलविदा जुम्मे की नमाज

# शांति और खुशहाली की मांगी गयी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रमजान के पवित्र माह में पड़ने वाले अंतिम शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शहर के कर्रा रोड स्थित जामा मस्जिद, पाशा कॉलोनी स्थित मस्जिद ए जोहरा, जन्नत नगर स्थित मदीना मस्जिद सहित सिल्दा गांव के मस्जिदे अक्सा और जिला के अन्य मस्जिदों में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ अंतिम जुम्मे की नमाज अदा की। इस दौरान नमाजियों ने देश में शांति और खुशहाली के साथ ही अल्लाह ताला से बरकत की दुआएं मांगी गई। पाक माह रमजान के आखिरी जुम्मे को अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष तैयारी की गई थी। मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज के लिए रोजेदारों के साथ ही अन्य नमाजियों की काफी भीड़ देखी गयी। इस दौरान इमाम साहब ने सभी को बुरे कामों से परहेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों को अल्लाह के बताए रास्ते पर चलते हुए अल्लाह पाक की इबादत करनी चाहिए, केवल दिखावे के लिए इबादत करने से अल्लाह खुश नहीं होंगे बल्कि नाराज ही होंगे। इसके साथ ही उन्होंने मां-बाप की सेवा को सबसे बड़ी इबादत बताते हुए कहा कि मां-बाप को नाराज करने से अल्लाह कोई इबादत कबूल नहीं करते। उन्होंने फितरा और जकात को लेकर कहा कि प्रति व्यक्ति 60 रुपए के हिसाब से फितरा निकालना है। अगर कोई आर्थिक रूप से मजबूत हैं तो वे अधिक से अधिक फितरा की रकम निकाल सकते हैं। जकात के बारे में बताया कि अपनी संपत्ति के नगद अथवा सोना चांदी आदि मूल्य का ढाई प्रतिशत जकात निकालना है। इस पर गरीबों का हक है। इसके पीछे का मकसद है कि गरीब से गरीब आदमी भी ईद की खुशियां मना सके और समाज में बराबरी का माहौल बने, कोई अपने आप को कमतर न समझें।

## मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की करंट से मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की प्रखंड के बीरबांकी पंचायत के सारूआमदा गांव के 45 वर्षीय गोंडा पूर्ति की शुक्रवार को ग्यारह हजार वोल्ट के संपर्क में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि ग्रामीण की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह उस क्षेत्र में विद्युत तार गिरने एवं फाल्ट होने से बिजली कटी हुई थी। बिजली विभाग के कर्मी विद्युत लाइन में उत्पन्न फाल्ट को ठीक कर रहे थे। इसी बीच उक्त विक्षिप्त ग्रामीण गांव के बाहर 11 हजार वोल्ट के विद्युत खंभे में चढ़कर बैठ गया। इधर विद्युत लाइन में उत्पन्न फाल्ट को दुरुस्त करने के बाद जैसे ही बिजली चालू की गयी, वैसे ही विद्युत खंभे में चढ़कर बैठा ग्रामीण 11000 वोल्ट की चपेट में आ गया और विद्युत करंट से जलकर उसकी मौत हो गयी। बाद में गांव वालों की नजर जब उस पर पड़ी, तब चालू की गयी बिजली को कटवाया गया। फिर इसकी सूचना अड़की थाना की पुलिस को दी गयी।

## रातू पुलिस की कार्रवाई : 22 पुड़िया ब्राउन शुगर और स्कॉर्पियो जब्त

# ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर चटकपुर नवासोसो क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। हालांकि उसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। युवक के पास से पुलिस ने 22 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की है। साथ ही एक कार भी जब्त कर थाना ले आयी। आरोपित की पहचान रंजन यादव के रूप में की गई है। वह गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित गांधी नगर का रहने वाला है।


जब्त की गयी स्कॉर्पियो।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि नोवासोसो और चटकपुर सहित आसपास के अन्य गांवों में कई युवक ब्राउनसुगर के नशे के आदि हो रहे हैं। रंजन यादव नामक एक युवक अपनी सफेद रंग की स्कॉर्पियो से युवकों को ब्राउन सुगर आपूर्ति करता है। वह प्रतिदिन अपनी गाड़ी से नोवासोसो आता है और नशेड़ियों को ब्राउनसुगर बेचता है। कुछ युवक नशे के इतने आदि हो चुके हैं कि नशे के लिए छोटे-बड़े अपराध को भी अंजाम देने को अमादा रहते हैं। इस दिन भी आरोपी रंजन नोवासोसो गांव में नशेड़ियों को ब्राउनसुगर बेचने पहुंचा था। इसकी सूचना फोन पर भवदीय, पुलिस उपाधीक्षक मु-02, रांची एवं रातू अंचल अधिकारी रवि कुमार को दी गई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस उपाधीक्षक मु-02 रांची अरविंद कुमार एवं रातू सीओ रवि कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गई और तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि उसका एक साथी पुलिस को देखकर फरार हो गया। उसकी पहचान गोंदा थाना क्षेत्र निवासी सुजीत यादव के रूप में हुई है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं, जब्त ब्राउन शुगर की कीमत 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

### 2000 में बेचते थे नशे की एक पुड़िया

आरोपी ने बताया कि गोंदा थाना अंतर्गत हातमा निवासी रोहन सिंह राजपूत व बक्सर के रहने वाला संतोष पासवान उसको ब्राउन शुगर देता है। जिसे संतोष व रोहन आसपास के स्कूल-कॉलेज के छात्रों को बेचते है। वहीं, छापामारी दल में पुनि शशिभूषण चौधरी, सतीश कुमार, अनुप कुमार, अनुरंजन कुमार, नवीन कुमार व शिव मांझी आदि थे।

# गर्मी की शुरुआत होते ही शुरू हुई बिजली की आंख मिचौली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली की भी आंख मिचौली शुरू हो गई है। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 24 घंटे में महज कुछ घंटों के लिए मिल रही है। शुक्रवार की सुबह से शाम तक बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता पिछले एक महीने से आंख मिचौनी व लो वोल्टेज से परेशान हैं। ग्रामीणों को नियमित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। इस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण बिजली विभाग की उदासीनता व लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में बिजली की लचर व्यवस्था से लोगों में रोष व्याप्त है। सुबह-शाम में जहां बिजली गायब रहती है वहीं दिन में भी घंटों बिजली का दर्शन नहीं होता है। बिजली की आंख मिचौली से अस्पताल, बैंक सहित सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान भी प्रभावित हो रहे हैं। समय से बिजली नहीं आने से किसानों को सिचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से गर्मी की शुरूआत हुई है तभी से बिजली की किल्लत और बढ़ गई है। दिन व रात में कटौती बढ़ने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा विद्यार्थी व किसान वर्ग प्रभावित है। किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द व्यवस्था में सुधार लाकर सूचारू रूप से बिजली व्यवस्था बहाल कराये जाने की मांग की है।

# जुम्मा के अलविदा पर बच्चों ने भी रखा रोजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के करांजी जराटोली व बारीडीह गांव के नन्हे रोजेदार ने शुक्रवार को जुमा अलविदा पर रोजा रखा और नमाज अदाकर समाज व देश की तरक्की एवं अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। बारीडीह के यूनुस अंसारी ने बताया कि रमजान का महीना रहमतों और बरकतों वाला है। रमजान माह में घरों में रहकर खूब इबादत कर रहे हैं। वहीं बच्चे भी इबादत में लगे हैं और रोजे रख रहे हैं। घर के लोगों के साथ पांच वक्त की नमाज अदा की। शाम को इफ्तार में खास पकवान तैयार किए, जिसमें उनकी पसंद की पकौड़ी कचरी आदि बनीं। सुन्नत अदा करते हुए खजूर से रोजा इफ्तार किया। बच्चों ने बताया की उन्हें प्यास बहुत लग रही थी। रोजा रखकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। रोजा रखने वालों में नदीम अंसारी, शाद अंसारी, तंजील अंसारी, अर्श अंसारी, रेहान अंसारी, दिलशाद अंसारी, अनस अंसारी, अल्फाज अंसारी, तौसीफ व आसिफ है। दूसरी ओर, प्रखंड के करांजी, चचकोपी, केशा, घाघरा, हाठू, जराटोली, महरू, बिल्टी व नरकोपी मस्जिद सहित मुस्लिम बस्तियों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अकीदत व सादगी के साथ अदा की गई। वहीं, मस्जिद के इमाम ने लोगों से अपील की कि मुबारक माह में अपने गुनाहों की माफी तलब करें, बेशक अल्लाह माफ करने वाला है। इस माह में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं।आप सब ईद की खुशी में गरीबों, विधवा, अनाथ व जरूरतमंदों को मदद अवश्य करें।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी बेड़ो में सौर जलमीनार योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन ठूंठ बनी टंकियां बता रही है कि लाखों रुपये पानी में बह गए पर लोगों को पानी मयस्सर नहीं हुआ। गांव के लोग पहले की ही तरह पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना के बाद भी पानी के लिए लोग भटकने को मजबूर हैं। विभाग द्वारा फाइलों में योजना को शत- प्रतिशत पूरा करने का दावा किया गया है, लेकिन जमीन पर इसकी हालत काफी बदहाल है। कहीं जलमीनार पर पानी की सूखी टंकी बदहाली की कहानी कह रही है तो कहीं


बेड़ो के डुमर दोन में बंद पड़ा जलमीनार।

सूखे नल बता रहे हैं कि योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। हद तो तब हो गई जब पाइप लाइन योजना को बिना किसी के घर पहुंचाए ही पूरा करने का दावा कागजों में कर दिया गया। अनियमितता के बीच योजना पूरा होने का प्रतिवेदन सरकार को समर्पित कर विभागीय प्रतिनिधि एक ओर निश्चिंत हो गए। दूसरी ओर शासन व प्रशासन से बेहतर काम करने का तगमा भी ले लिया। लेकिन प्रखंड क्षेत्र के 17 पंचायत के 84 गांवों में लाख रुपये के अधिक की राशि से नल-जल योजना के तहत जिस जलमीनार का निर्माण किया गया वहां से एक घर में भी शुद्ध पानी नहीं पहुंचा। योजना में गड़बड़ी को लेकर वरीय पदाधिकारियों से शिकायत भी की गई। लेकिन प्रखंड प्रशासन की ठेकेदारों से तालमेल होने की वजह से जनता की आवाज दब गई। आमलोग आज भी कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि सरकार हर गांव में नल से जल उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही है। जिम्मेदारों की साठगांठ से यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। यहां के दर्जनों गांव में अब भी नल-जल योजना बंद पड़ी है। ग्रामीण पेयजल के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दिया जाता है। सरकार एवं अधिकारी की उपेक्षा के कारण ग्रामीण पीने के पानी के लिए आज भी तरस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पेयजल व्यवस्था की मांग की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं।

# बालू लदे तीन टर्बो और दो ट्रैक्टर जब्त

## अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारी मोहम्मद याकूब ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के हुरहुरी व मखमन्द्रों से अवैध बालू लदे तीन टर्बो औक दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस सभी वाहनो को जब्त कर थाना ले आयी है। वहीं, पुलिस की छापामारी देख सभी चालक व मालिक फरार हो गये। जब्त वाहनों में एक बिना नंबर का टर्बो व दो ट्रेक्टर शामिल है। पुलिस जब्त ट्रैक्टर चालक से बालू खनन से संबंधित व गाड़ी के कागजात की मांग की तो चालक कागजात दिखा पाने में असमर्थ रहा। इसके बाद पुलिस पांचों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त वाहनों की जानकारी खनन विभाग व डीटीओ के अधिकारियों को दे दी गई है। दूसरी ओर, कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के बालू माफियाओ में खलबली मची हुई है।

# अदा हुई जुम्मे की अंतिम नमाज मांगी गयी सुख-शांति की दुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** पवित्र माह-ए-रमजान की आखिरी शुक्रवार को पूरे प्रखंड के मस्जिदों में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी। इस दौरान चिलचिलाती गर्मी के बीज नमाजियों और रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी नमाज पढ़ने को लेकर काफी उत्साहित देखे गए। इस दौरान रोजेदारों ने अदब एहतेराम के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की। अपने तकरीर में मौलाना सनाउल्लाह ने रमजान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि रमजान का पाक महीना है। इस माह में सदका जकात खैरात फिरता बढ़ चढ़ कर देना चाहिए। इस महीना मे सभी कामों में नेकियां बढ़ा दी जाती है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश-विदेश में खुशहाली व अमनचजैन की दुआ मांगी।

# 64 अपग्रेड हाईस्कूल प्रखंड ब्ययन पदाधिकारी स्कूल से हुए टैग

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार की ओर से रांची जिले के 64 उत्क्रमित हाईस्कूल को प्रखंड के 19 निकासी एवं व्ययन पधाधिकारी स्कूल से टैग कर दिया गया है। इससे 64 उत्क्रमित हाई स्कूल के 600 शिक्षक और कर्मचारी लाभावित होंगे। अब वे शिक्षक अपने प्रखंड में ही वेतन निकासी की प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे। पहले शिक्षकों को



वेतन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय रांची पर निर्भर रहना पड़ता था। एक साथ 600 शिक्षकों के वेतन निकासी में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस कार्य को करने में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के बड़ा बाबू जेके सिन्हा और कर्मी संतोष साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इस कार्य में शिक्षक प्रतिनिधिगण धनंजय सिंह, समीर कुमार, जावेद अख्तर, करमा उरांव, अबरार अहमद, जयंत मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, बिरेन्द्र उराँव, अनुराग सिंह, निरंजन आदि ने विभाग को भरपूर सहयोग किया और जिला शिक्षा पदाधिकारी और कार्यालय के कर्मचारियों को बधाई दी।

# पूर्व ऊर्जा मंत्री के पार्थिव शरीर को रामटहल चौधरी ने दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लाल चंद महतो के निधन की खबर से राजनीति जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। निधन की खबर से आहत पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने रांची से बोकारो ले जाये जा रहे पूर्व ऊर्जा मंत्री के पार्थिव शरीर को ब्लॉक चौक में श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इनके अलावा रणधीर चौधरी, आरटीसी कॉलेज के निदेशक पारस नाथ महतो, जालेश्वर महतो, अंबिका महतो आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

# टाटीसिलवे का प्रसिद्ध नवमी डोल मेला संपन्न, लोगों ने उठाया आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** होली के नौ दिन बाद टाटीसिलवे में लगने वाले दो दिवसीय ऐतिहासिक नवमी डोल मेला शुक्रवार को उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मेला में आसपास व दूरदराज से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेला में लोगों के मनोरंजन के लिए झूला, मौत का कुंआ, रामढेलुवा आदि लगाए गए थे। वहीं बच्चों के लिए खिलौने, चाट, फुचका सहित खाने पीने के सैकड़ों दुकानें सजी थी। मेला में लोहे की बनी कृषि सामग्री, घरेलू सामान, पारम्परिक हथियार आदि की दुकानें भी लगी



थी, जहां लोगों ने खूब खरीदारी की। वहीं, मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए समाजसेवी सह आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में सुरक्षा सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। मेला में लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ वोलेंटियर्स भी पूरे मुस्तैद थे। राजू नायक ने बताया कि मेला में अधिक भीड़ भाड़ से जाम की स्थिति न बने इसके मद्देनजर टाटीसिलवे थाना प्रभारी मनोज कुमार ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए रूट को रिंग रोड की तरफ बढ़ डायवर्ट कर दिया था। ताकि जाम की स्थिति ना बने तथा लोग सुगम तरीके से मेला का लुत्फ उठा सकें। मेला के सफल आयोजन में राजू नायक के साथ मानकी दीवान शाही, धनंजय शाही, मानव राम, राजेंद्र राम, बंटी नायक, जितेन्द्र शाही, मंगल शाही, दिलीप, अरूण, शंकर, गणेश, सुनिल जगरनाथ, किशुन महतो आदि ने अहम योगदान दिया।

# लापुंग में हिंदू नववर्ष को लेकर बैठक

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** हिंदू नववर्ष मनाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के



बैनर तले शुक्रवार को नंदलाल साहू के घर में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने की। बैठक में लापुंग प्रखंड के 11 पंचायत के दर्जनों गांव में 9 अप्रैल को घर-घर व चौक-चौराहों में भगवा व बजरंग बली का झंडा फहराने के साथ मंदिर में प्रसाद, हलवा, खिचड़ी का भोग लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंदिर में सामूहिक आरती का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी खूंटी जिला के पूर्व विहिप मंत्री वीरेंदर सोनी ने दी। इसके अलावा 14 अप्रैल को बाबा साहब जॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा के बाद संगठन के विस्तार की भी चर्चा की गई। सर्व सम्मति से लापुंग प्रखंड विहिप सह मंत्री सुभाष बाउरी को बनाया गया। मौके पर संरक्षक नंदलाल साहू, सचिन कुमार राय, उपाध्यक्ष किश्वर साहू, बजरंग दल सयोजक वीरेंद्र साहू, अरविंद कुमार सिंह, अनिल कुमार साहू, कमल नाग, कंचन कुमार साहू, शिवशंकर साहू, सत्यनारायण महतो, प्रमोद साहू, दिनेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

# नगड़ी में अकीदत के साथ अदा की गयी रमजान माह के अंतिम जुम्मे की नमाज



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** पवित्र माहे रमजान के आखरी अलविदा जुम्मे की नमाज नगड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को अकीदत के साथ अदा की गई। नगड़ी, देवरी, साहेर, एडचौरो बरसा, बसिला, बंधया, नयासराय और टुंडूल गांव के जामा मस्जिदों में हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों अल्लाह के समाने सिर झुका कर अलविदा जुमा अदा की। रोजेदारों ने देश, प्रदेश जिला और गांव के लिए अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इसे पूर्व रोजेदार निर्धारित समय से पूर्व ही मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। नामाज ए जुम्मा आदा करने के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले लगाकर अलविदा जुम्मा की बधाई दी।

## झारखंड की गठबंधन सरकार कर रही बेहतर काम : विधायक

# लोकसभा चुनाव के बाद फिर तेज होगी विकास की रफ्तार : शिल्पी नेहा तिर्की

**क्षेत्रों का भ्रमण कर सुनी लोगों की समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लोहरदगा लोकसभा अंतर्गत लापुंग प्रखंड के बोकरोंदा पंचायत के ग्राम पबीरा एवं बरईडीह में विधायक शिल्पी नेता तिर्की ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने आम लोगों से मुलाकात की। साथ ही उनके साथ बैठक कर समस्याओं को सुना। शिल्पी नेता तिर्की ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की सहभागिता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बहुत ही बढ़िया काम कर रही है। उन्होंने


लोगों के बीच उनकी समस्याओं को सुनती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

विशेष रूप से अबुआ आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना को रोक दिया और गरीब जनता आवास के लाभ से वंचित होने लगी तो झारखंड सरकार ने अपना एक मजबूत कदम उठाते हुए अबुआ आवास के तहत बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचाया। विधायक ने झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आऐगी। इस मौके पर उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मुखिया सरोज मुंडा, पंचायत अध्यक्ष फिरू साहू, राम मुंडा जोगिंदर मुंडा, बिरंची महतो, सोमरा मुंडा, पहलू लोहारा, कलिंदर साहू, भूतनाथ लोहार और रामदेव साहू आदि उपस्थित थे।

# शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का निर्णय

**धनसार (आजाद सिपाही)।** रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर शुक्रवार को धनसार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे ने की। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देश और आदर्श आचार संहिता का हर हाल में पालन किया जाएगा। डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। सभी अखाड़ा दल के 10-10 वॉलिंटियर का नाम एवं मोबाइल नंबर थाना में जमा करना है। जो शराब पीकर अखाड़ा दलों में शामिल होंगे उनको चिन्हित करें और थाना को सूचना दे। जो अखाड़ा लाइसेंसधारी है वे अपना लाइसेंस नवीनीकरण करा लें। बैठक में सभी सम्मानित सदस्य एवं अखाड़ा दल के लाइसेंस धारी अपने अपने सुझाव भी रखें। बैठक में नरेश कुशवाहा, राणा चट्टराज, संतोष कुशवाहा, अफजल खान, कुल्लू चौधरी, अजय मंडल, अजय लाल, मेवालाल खटीक आदि शामिल थे।

